150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA
"Cleanliness is next to Godliness"


# कार्यालय प्राचार्य राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## हिण्डौन सिटी

सत्यमेव जयते

**Karauli Road ,Hindaun City, Dist. Karauli 322230 Raj.**
**E- Mail- gchindaun@gmail.com Phone 07469- 232013**
**Affiliated By University Of Kota ,Kota NAAC Grade- "B"**


क्रमांक 1426 दिनांक 5/12/2019

Office Of The Chairperson
State Level Committee

विषय :— 2 अक्टूम्बर 2019 से महाविद्यालयों में स्वच्छता सप्ताह प्रारंभ करने के क्रम में।

सन्दर्भ :— आपका पत्रांक 161 दिनांक 17/9/2019

महोदय

आपके पत्रांक के निर्देशानुसार महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवको द्वारा निम्न कार्य किये गयें।

1 स्वच्छता सप्ताह 3 अक्टूम्बर से 10 अक्टूम्बर तक मनाया गया जिसमें महाविद्यालय परिसर की साफाई ,पेडों की छटाई निराई—गुडाई की गई

2 गोद लिये गये गाँवों ईकाइ—अ कोंचरौली एवं ईकाइ—व फुलवाडा मे रैली निकालकर निम्न कार्यो के लिए जागरुक किया गया सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग नही करने जैसे प्लास्टिक की थैलियों का रास्ते में नही डालना (इधर— उधर नही फैकना ), सार्वजनिक स्थानो को स्वच्छ रखना ।

3 गड्डो में गंदा पानी एकत्रित नही होने देना आदि

4 कचरे को कूडेदान मे ही डालने के लिए ग्रामवासियों को जागृत किया गया।

5 मिट्टी के वर्तनो जैसे कुल्हड, दोने— पत्तल आदि का उपयोग करना।

(हस्ताक्षर)
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
हिण्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

IMG-20190726-WA0003.jpg



# पर्यावरण संतुलन के लिए जरुरी हैं पेड़

हमारा समाचार

**हिण्डौनसिटी (कार्यालय संवाददाता)।** यहां राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हरित राजस्थान समाह के तहत गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की ओर से स्वंयसेवकों ने पौधे रोपे। सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि महाविद्यालय परिसर में स्वंयसेवक, संकाय सदस्य एवं कर्मचारियों ने विभिन्न किस्मों के 95 पौधे लगाए। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य भगवानसहाय शर्मा व पंचायत समिति के विकास अधिकारी लखनसिंह ने पौधा रोप कर की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पेड़ों की पर्यावरण संतुलित करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। सुरेश कुमार मीना, डॉ. सर्वेजीत मीना, डॉ. अनिल अग्रवाल, डॉ. धर्मेन्द्रसिंह, अशोक बैरवा, मनोज मीना, हेमेन्द्र मीना, छात्र नेता धर्मवीर गौतम ने पौधारोपण में सहयोग किया। कार्यक्रम में सभी ने अपने द्वारा लगाए गए पौधों को संरक्षित करने का संकल्प लिया।



## कल्याणधणी की यात्रा 20 को

### तैयारियों पर चर्चा, जिम्मेदारी सौंपी



हमारा समाचार

**नादौती।** क्षेत्र के कैमरी गांव में कल्याण सेवा चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से 20 अगस्त को कल्याणजी की पदयात्रा जाएगी। इसकी तैयारियों को लेकर गुरुवार को बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता ट्रस्ट अध्यक्ष शीशराम खटाना ने की। इस दौरान डिग्गी कल्याणजी को जाने वाली 19वीं पदयात्रा को लेकर जिम्मेदारियां सौंपी गई।

Scanned with CamScanner

Date: 20/07/19

# हरित राजस्थान सप्ताहः स्वयंसेवकों ने राजकीय कॉलेज परिसर में लगाए पौधे

भास्कर न्यूज | हिंडौन सिटी

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मनाए जा रहे हरित राजस्थान सप्ताह के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए हैं।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि हरित राजस्थान सप्ताह की शुरुआत शनिवार से हुई है, जो कि 27 जुलाई तक चलेगा। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने शनिवार को महाविद्यालय परिसर में विभिन्न किस्म के 50 पौधे लगाए है। अन्य दिनों में भी प्रतिदिन पौधरोपण किया जाएगा। बताया कि स्वयंसेवकों की ओर से 151 पौधे लगाए जाएंगे। पौधरोपण कार्यक्रम में प्रो. सुश्री भोली मीना, डॉ. गोविंद सहाय मीना, सुरेश मीना, सर्वजीत मीना, डॉ. कमलेश वर्मा, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, अशोक बैरवा, डॉ. विपिन, रामप्रसाद मीना आदि मौजूद रहे।



हिंडौन सिटी | हरित राजस्थान सप्ताह के तहत कॉलेज में पौधरोपण करते स्वयंसेवक।

Scanned with CamScanner

2019 ☎ 07469-232013

IMG-20190721-WA0006.jpg

20/07/19

# हरित अभियान के तहत राजकीय महाविद्यालय में पौधारोपण



**हिण्डौन सिटी।** शहर के करौली मार्ग स्थित राजकीय महाविद्यालय में हरित राजस्थान सप्ताह के तहत महाविद्यालय के प्राचार्य,व्याख्याता व छात्र छात्राओं ने स्वयंसेवको की तरह गड्ढे खोदकर नए पौधे लगाए। कार्यक्रम अधिकारी श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि 20 जुलाई से 27 तक चलने वाले हरित सप्ताह के प्रथम दिन में शुरुआत कर विभिन्न किस्मो के करीब 50 पौधे लगाए,छात्र छात्राओं ने महाविद्यालय परिसर में कुदाली व फावड़ों से गड्ढे खोदे व नए पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने बताया कि अभियान में 151 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी भोली मीणा, व्याख्याता डॉ गोविंद सहाय मीणा,सुरेश मीणा,कमलेश शर्मा,अशोक बैरवा, डॉ विपिन बगड़िया, सर्वजीत सहित काफी संख्या में विद्यार्थियों ने सहयोग किया।

Scanned with CamScanner

☎ 07469-232013

30/07/2019

IMG-20190721-WA0005.jpg

# हरित राजस्थान सप्ताहः स्वयंसेवकों ने राजकीय कॉलेज परिसर में लगाए पौधे

भास्कर न्यूज | हिंडौन सिटी

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मनाए जा रहे हरित राजस्थान सप्ताह के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए हैं।

कार्यक्रम अधिकारी प्रो. श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि हरित राजस्थान सप्ताह की शुरुआत शनिवार से हुई है, जो कि 27 जुलाई तक चलेगा। एनएसएस के स्वयंसेवकों ने शनिवार को महाविद्यालय परिसर में विभिन्न किस्म के 50 पौधे लगाए है। अन्य दिनों में भी प्रतिदिन पौधरोपण किया जाएगा। बताया कि स्वयंसेवकों की ओर से 151 पौधे लगाए जाएंगे। पौधरोपण कार्यक्रम में प्रो. सुश्री भोली मीना, डॉ. गोविंद सहाय मीना, सुरेश मीना, सर्वजीत मीना, डॉ. कमलेश वर्मा, डॉ. धर्मेन्द्र सिंह, अशोक बैरवा, डॉ. विपिन, रामप्रसाद मीना आदि मौजूद रहे।



हिंडौन सिटी | हरित राजस्थान सप्ताह के तहत कॉलेज में पौधरोपण करते स्वयंसेवक।

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय
हिण्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

राष्ट्रीय सेवा योजना

# राजकीय महाविद्यालय

हिण्डौन सिटी, जिला-करौली (राज.)

☎ 07469-232013

क्रमांक

दिनांक 20/07/2019

## हरित राजस्थान सप्ताह के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम सम्पन्न

हिण्डौन सिटी। स्थानीय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आज राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मनाये जा रहे हरित राजस्थान सप्ताह के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का प्रारम्भ किया गया। यह वृक्षारोपण कार्यक्रम दिनांक 20 से 27 जुलाई तक मनाया जायेगा।

कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर श्रीनिवास गुर्जर ने बताया कि आयुक्तालय, कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर के ~~निर्देशानुसार मनाये जा रहे हरित राजस्थान सप्ताह~~ के अन्तर्गत आज NSS के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में विभिन्न किस्म के 50 पौधे लगाये गये। सप्ताह के अन्य दिनों में भी प्रतिदिन वृक्षारोपण किया जायेगा। इस सप्ताह के दौरान 151 पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

पौधारोपण कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी लाई-ए प्रो सुश्री ओली मीणा, डॉ गोविन्द सहाय मीणा, श्री सुरेश मीणा, श्री सर्वजीत मीणा, डॉ कमलेश वर्मा, डॉ धर्मेन्द्र सिंह, श्री अशोक बैरवा, डॉ विपिन बगड़िया तथा रामप्रसाद मीणा जी ने भाग लिया।

प्राचार्य

कार्यक्रम अधिकारी
NSS, unit A

कार्यक्रम अधिकारी
NSS, unit - B

Scanned with CamScanner

11/07/2019

19

# राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय विद्यार्थी के व्यक्तित्व एवं चरित्र का विकास



हिंडौन सिटी | राजकीय पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं को समाजसेवा के उददेश्यों की जानकारी देते प्रोफेसर।

भास्कर न्यूज | हिंडौन सिटी

यहां राजकीय पीजी कॉलेज में छात्र-छात्राओं की सभा आयोजित कर उन्हें राष्ट्रीय सेवा योजना का महत्व बताया गया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर श्रीनिवास गुर्जर ने छात्रों से कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का ध्येय वाक्य मैं नहीं आप के माध्यम से विद्यार्थी का व्यक्तित्व एवं चरित्र का निर्माण करना है। मुख्य वक्ता डॉ. अनिल अग्रवाल ने राष्ट्रीय सेवा योजना की गतिविधियों को बताया।

कहा कि इसमें तीन प्रकार की गतिविधियां होती हैं। जिसमें साप्ताहिक कार्यक्रम, एक दिवसीय शिविर और सात दिवसीय शिविर शामिल होते हैं। प्राचार्य डॉ. गोविंद सहाय मीना ने राष्ट्रीय सेवा योजना को अपनाने की सलाह दी।

Scanned by CamScanner

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हिण्डौन सिटी

क्रमांक दिनांक 10/12/22

सादर प्रकाशनार्थ
स्थानीय संपादक
दैनिक भास्कर/राजस्थान पत्रिका
हिण्डौन सिटी

## प्रेस समाचार

स्थानीय राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं मानवाधिकार क्लब के संयुक्त तत्वाधान में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ महेश कुमार गर्ग ने बताया कि **"संयुक्त राष्ट्र सार्वभौमिक घोषणा पत्र"** की स्मृति में प्रत्येक वर्ष 10 दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में डॉ. रीतेश जैन सहायक आचार्य राज0 विज्ञान ने बताया कि किसी राष्ट्र एवं समाज के कल्याण एवं विकास हेतु प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा की रक्षा हेतु मानव अधिकारो का होना आवश्यक है। मानव अधिकारो के अर्थ, एवं मूल अधिकारो में अन्तर के बारे में भी जानकारी प्रदान की। श्री श्रीनिवास गुर्जर सहायक आचार्य रसायनशास्त्र ने भारत में मानव अधिकारो की स्थिति एवं संरचनात्मक स्थिति के बारे में जानकारी दी । इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य श्री सुरेश चन्द मीना ने भी अपने उद्बोधन मे सभी छात्र- छात्राओं को अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर शुभकामना देते हुये सभी को अपने अधिकारों के प्रति जागरुक होने के साथ-साथ कर्त्तव्यों के निर्वहन पर बल दिया। इस अवसर पर ई.एल.सी. प्रभारी श्री श्रीनिवास गुर्जर ने सभी विद्यार्थियों को VHA APP के माध्यम से वोटर आई.डी.कार्ड हेतु पंजीकरण कराने की जानकारी प्रदान कर विद्यार्थियो के रजिस्ट्रेशन भी करवायें।

प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविधालय
हिण्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

# आशुभाषण व पत्रवाचन प्रतियोगिता में विजेताओं को किया पुरस्कृत

हिंडौन सिटी। हिन्दी दिवस पर बुधवार को राजकीय पीजी कॉलेज सहित निजी कॉलेजों में भी कई कार्यक्रम हुए। इस दौरान आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। राजकीय पीजी कॉलेज के विभागाध्यक्ष डॉ.गोविंद सहाय मीणा ने बताया कि हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में आशुभाषण,पत्रवाचन,श्रुतिलेख एवं सुंदरलेख प्रतियोगिता आयोजित की गई। श्रुतिलेख में विजय खटीक ने प्रथम एवं अशोक कोली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सुंदरलेख में विजय खटीक प्रथम व धर्मराज मीणा द्वितीय स्थान पर रहे। आशुभाषण व पत्रवाचन में राहुल ने प्रथम,अकरम खान ने द्वितीय तथा कुंवरपाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। दोपहर सत्र में हिन्दी विभाग में बौद्धिक कार्यक्रम हुआ। प्राचार्य प्रो. जमनालाल मीणा ने कहा कि हिन्दी भाषा हमारी राष्ट्रीय अस्मिता का द्योतक हैं। इसके प्रचार-प्रसार के लिए सच्चे मन से प्रयास करने चाहिए। उपाचार्य प्रो. सांवलराम मीणा ने भी हिन्दी दिवस के बारे में विस्तार से बताया। व्याख्याताओं ने कार्यक्रम में भाग लेकर अपने दैनिक जीवन में हिन्दी को अपनाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ.सुरेन्द्र गुप्ता ने किया। इस अवसर पर व्याख्याता भगवानसहाय शर्मा,महेश यादव,राधाकिशन मीणा,कैलाश बैरवा,सर्वजीत मीणा आदि मौजूद थे। इसी तरह अग्रसेन महिला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान में व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. अनिल अग्रवाल ने हिन्दी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिन्दी भाषा को न केवल राष्ट्रीय बल्कि अंतरराष्ट्रीय भाषा बनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.सुनील कुमार अग्रवाल ने की। राष्ट्रीय वोटर कांग्रेस की ओर से बुधवार को हिन्दी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संयोजक वीर सिंह ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर सभी सरकारी विभागों के नाम अंग्रेजी से हिन्दी में रुपांतरण कराए जाने की मांग की है।

सूरौठ। कस्बे के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में बुधवार को हिंदी दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य गोपाल सिंह डागुर ने की। प्रधानाचार्य गोपाल सिंह डागुर इको क्लब के प्रभारी पतिराम सिंह गुर्जर, व्याख्याता आकाश शर्मा,रंगी लाल मीणा,दीनदयाल शर्मा, शिवचरण जाटव आदि ने हिंदी विषय के संबंध में विचार व्यक्त किए तथा जीवन में हिंदी विषय के महत्व को बताया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक शिवचरण लाल जाटव ने किया।

Scanned with CamScanner

# हिंदी दिवस : स्कूलों में कई कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता | हिंडौन सिटी

क्षेत्र में सोमवार को हिंदी दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुए।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक स्कूल, मोहननगर में हिंदी दिवस कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत मां शारदे के चित्रपट पर दीप प्रज्जवलित करने के साथ हुई। इस मौके पर छात्राओं ने हिंदी भाषा से संबंधित कविता, भजन आदि प्रस्तुत किए। अध्यापक मुकेश चतुर्वेदी, शोभा गुप्ता, शारदा पंडा, कंचन खनेजा आदि ने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रधानाचार्या सीमा जादौन ने राष्ट्र भाषा के महत्व व सर्वांगीण उपयोग की आवश्यकता के बारे में बताया। संचालन व्याख्याता सावित्री जैन ने किया। राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हिंदी दिवस समारोह हुआ। इस दौरान छात्रों के मध्य आशुभाषण, श्रुतिलेख एवं सुंदरलेख प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें आशुभाषण में उमेश



हिंडौन सिटी. हिंदी दिवस के अवसर पर एक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में प्रस्तुति देती बालिकाएं।

मीना, सुंदरलेख व श्रुतिलेख में सतवीर सिंह तिर्वारिया प्रथम स्थान पर रहे। इसके अलावा हिंदी संगोष्ठी व काव्य गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ प्राचार्य प्रो. आरसी मीना ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। अध्यक्षीय संबोधन में प्राचार्य मीना ने हिंदी के गौरवशाली इतिहास के बारे में जानकारी दी। उपाचार्य प्यारेलाल गोयल, प्रो. राधाकिशन मीना, सुरेशचंद मीना, आरपी मीना, मुकेश गोयल, सुरेंद्र गोयल, सत्यजीत मीना ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का आयोजन एवं संचालन हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. गोविंद सहाय मीना ने किया। शहर के मारूति इंटरनेशनल स्कूल में हिंदी सप्ताह के दौरान सोमवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसमें कक्षा 4 के प्रियांश बेनीवाल, कविता, अक्षरा, ध्रुव, दिव्यांशु, नीलम, पलक आदि ने हास्य व्यंग्य, दोहे आदि की प्रस्तुति दी। हिंदी भाषा में स्लोगन राइटिंग तथा हिंदी सुलेख प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। मुहावरे प्रतियोगिता में छात्रा गार्गी, जयांश, विवेक, वरूण शर्मा आदि ने भाग लिया। व्यवस्थापक नवीन शर्मा व भुवनेश गोयल ने हिंदी दिवस का महत्व बताया।

हिंडोरा। गांव के राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल में हिंदी दिवस के अवसर पर सोमवार को कई प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य देवीसिंह डागुर ने बताया कि हिंदी दिवस के अवसर पर आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में विद्यालय के छात्र विनोद कुमार, दीपक कुमार, नवीन कुमार जगरवाल, कोमल डागुर, रिंकी डागुर व कुलदीप शर्मा विजयी रहे।

# कम्प्यूटर शिक्षा पर हुई व्याख्यान माला

**हिंडौन सिटी**। राजकीय महाविद्यालय में युवा विकास योजना के अंतर्गत कम्प्यूटर शिक्षा पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। नोडल अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि सेमीनार का उदघाटन प्राचार्य प्रो. आरसी मीना ने किया। रीयल टेक कम्प्यूटर के निदेशक सुनील सिंहल ने कम्प्यूटर तकनीक की रोचक जानकारी दी।

Scanned with CamScanner

# रक्तदान के लिए रैली निकाली

हिंडौन सिटी। पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती के अवसर 25 सितंबर को होने वाले रक्तदान शिविर की जागरूकता के लिए सोमवार को राजकीय पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने रैली निकाली।

प्राचार्य प्रो. आरसी मीना ने आयोजन के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि रैली से पूर्व रक्तदान महादान विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. रामराज मीना ने रक्तदान के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरेन्द्र गुप्ता ने किया। कार्यक्रम को प्रो. राधाकिशन मीना ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं से संकल्प पत्र भरवाए गए।

Scanned with CamScanner

दैनिक भास्कर | टोडाभीम | कैलादेवी | श्रीमहावीरजी | सपोटरा | करणपुर | रानोली | सलेमपुर |

# विद्यार्थियों ने निकाली मानवाधिकार रैली


## कई विद्यालयों में गोष्ठियां व प्रतियोगिताओं का आयोजन, छात्रों ने लिया बढ़ चढ़कर भाग

**कार्यालय संवाददाता • करौली**

मानवाधिकार दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी चिरंजीलाल उमावि के छात्र-छात्राओं ने जहां जन जाग्रति रैली निकाली विद्यालय में कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रामकेश मीणा ने जन जागृति रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली शहर के प्रमुख मार्गों होते हुए निकली। इसमें छात्र मानवाधिकार हमारा है, उत्पीड़न से छुटकारा है, वसुदेव कुटुम्बकम सहित कई नारे लगाते हुए चल रहे थे। रैली का संचालन व्याख्याता गोविंद दयाल शर्मा ने किया। वहीं विद्यालय में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में मनमोहन मीणा प्रथम, गजेंद्र चौहान द्वितीय व पौरुष कुमार तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार निबंध में मनमोहन प्रथम, नरेश मीणा द्वितीय व देशराज मीणा तृतीय स्थान पर रहे। राजकीय कन्या महाविद्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड रिबन क्लब के संयुक्त तत्वावधान में मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य आर सी मीणा ने कहा कि मानवाधिकार मानव के हितों के लिए है उनका हर हाल में उपयोग व रक्षा करनी चाहिए। डॉ. मंजुल मयंक ने मूल अधिकार व मानवाधिकार पर विस्तार से प्रकाश डाला। संगोष्ठी में प्रोफेसर हरिकेश मीणा, डॉ. कुसुम शर्मा, डॉ. मंजू शर्मा, डा. गुंजन गर्ग सहित छात्राएं उपस्थित थी।

सर्वोदय सेवा संस्था द्वारा मानवाधिकार दिवस पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर मानवाधिकार पुस्तक का विमोचन किया। कार्यशाला में संस्थाध्यक्ष डा. शालिनी सिंह, समन्वयक हेमेन्द्र कुमार कश्यप, सुशीला शर्मा, पल्लवी सिंह अनीता सोनी, सरिता सैन, कुसुम सैन, अनीता सैन, मनीषा राजपूत, सिलाई प्रशिक्षक तौफीक शेख सहित शहर की कई युवतियों एवं महिलाओं ने हिस्सा लिया। इस दौरान संस्था द्वारा प्रकाशित पुस्तक मानव अधिकार पुस्तक का विमोचन किया।

**हिंडौन सिटी**| राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मंगलवार को मानवाधिकार दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। युवा विकास योजना के तत्वावधान में हुई संगोष्ठी में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। नोडल अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि युवा विकास योजना में नामांकित छात्र-छात्राओं के बीच व्यक्ति की स्वतंत्रता और मानवाधिकार विषय पर आयोजित हुई समूह चर्चा में विद्यार्थियों ने खुलकर भाग लिया। छात्रों ने अपने विचार रखते हुए कहा कि व्यक्ति की स्वतंत्रता को मानवाधिकारों के कार्यक्षेत्र एवं महत्व को प्रभावित करती है। कामकाजी घरेलू सहायिकाओं के शोषण के विरूद्ध एवं बालश्रम जैसी अमानवीय स्थितियों का एजीओ द्वारा भी विरोध कर मानवाधिकारों के संरक्षण में सहयोग करना चाहिए। मानवाधिकारों के महत्व को व्यक्ति की सजगता एवं विवेक से ही जाना जा सकता है।



» करौली- मानवाधिकार दिवस के अवसर पर निकाली गई जन जागृति रैली में शामिल बच्चे। रैली के दौरान विद्यार्थी विविध नारे लगाते नजर आ

**कस्बाशहर**| राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागौर में मानवाधिकार दिवस मंगलवार को मनाया गया जिसमें मानवीय अधिकारों की जानकारी उनके संरक्षण एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उनकी महत्तम पर जानकारी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ अध्यापक कलजी सिंह एवं पुस्तकालय अध्यक्ष धर्मपाल बैरवा ने मानवीय अधिकारों की जानकारी एवं उनके संरक्षण व वर्तमान परिप्रेक्ष्य में उनकी महत्ता पर चर्चा कर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस मौके पर विश्व मानवाधिकार दिवस विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान सुशीला कुमारी बैरवा कक्षा नौवीं एवं द्वितीय स्थान कौशल धाकड़ कक्षा 11 वीं ने प्राप्त किया।

**नादौती**| स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में युवा विकास केन्द्र पर 10 दिसम्बर को मानवाधिकार दिवसीय मनाया। सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर प्राचार्य मटरूमल मीना ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्राचार्य मीना ने लोकतंत्र लोकतंत्र और मानवाधिकार विषय पर प्रकाश डाला। डॉ. श्रीमन मीना प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गढ़मोरा ने छात्रों को मानवाधिकार और संविधानेत्तर उद्भावित संस्था राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एवं राज्य मानवाधिकारी आ आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। नोडल अधिकारी सी.पी. शर्मा, प्रो. विक्रम बारैठ, डॉ. अशोक मीना, प्रो. रा मीना, प्रो. रामराज मीना ने भी विचार व्यक्त किया।

Scanned with CamScanner

भाग लिया।

## नशे की लत युवाओं के लिए अभिशाप

**हिंडौनसिटी** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा विकास योजना के तत्वावधान में बौद्धिक कार्यक्रम हुआ। नशे की लत युवाओं के लिए अभिशाप विषय पर आयोजित संगोष्ठी में वक्ताओं ने विचार रखे। नोडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. धीरेंद्र शुक्ला थे। गोष्ठी में शुक्ला ने कहा कि नशे की लत युवाओं के लिए अभिशाप है। उन्होंने कहा कि नशे का आदी व्यक्ति शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्तर पर पतन के गर्त में चला जाता है। डॉ. शुक्ला ने नशे की लत के प्रकारों पर प्रकाश डालते हुए इनसे उबरने के लिए कई चिकित्सकीय विधियां बताई। युवा विकास योजना के नोडल अधिकारी गुप्ता ने कहा कि युवाओं को अति महत्वाकांक्षी न होकर संयमित जीवनशैली अपनानी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अग्निदेव आर्य ने किया।

## उत्तम चरित्र ही नेतृत्व का प्राथमिक गुण

हिण्डौनसिटी.राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में युवा विकास केन्द्र के तत्वावधान में मंगलवार को 'चरित्र एवं नेतृत्व विकास' पर बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। नोडल अधिकारी डा. सुरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि मुख्य वक्ता श्रीअग्रसेन महिला महाविद्यालय के प्राचार्य राजसिंह ने कहा कि उत्तम चरित्र ही नेतृत्व का प्राथमिक गुण है। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य रामकेश मीणा ने कहा कि प्रभावी नेतृत्व के लिए ईमानदारी, साहस, दृढ़संकल्प होना आवश्यक है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. रेणु गौड़ ने किया। (का.स.)

# करौली आसपास

## न्यूज इनबॉक्स •

## बौद्धिक कार्यक्रम में बताया लोकतंत्र का महत्व

हिंडौन सिटी. राजकीय पीजी कॉलेज में युवा विकास योजना के तत्वावधान में लोकतंत्र बनाम कार्य दक्षता विषय पर बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. रामकेश मीणा ने की। मीणा ने कहा कि लोकतत्र की सफलता के लिए जनता की जिम्मेदारीपूर्ण कार्यकुशलता बहुत जरूरी है। मुख्य वक्ता डॉ. अग्निदेव ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतान्त्रिक देश है। लोकतंत्र जितनी क्षमता के साथ जनता के मनोयोग व हितार्थ कार्यों का संचालन करेगा, वह उतना ही सफल होगा। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. सुरेंद्र गुप्ता ने किया। कॉलेज के मानवाधिकार प्रकोष्ठ की ओर से मानवाधिकारों का हनन एवं वर्तमान दशा विषय पर व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। इसमें वर्तमान परिवेश में मानवाधिकारों के हनन के कारण मानवाधिकार आयोग के महत्व की जानकारी दी गई। कार्यक्रम संचालन डॉ. अग्निदेव ने किया।

Scanned with CamScanner

# विश्व की अर्थव्यवस्था में भारत की सम्मानजनक स्थिति

## कॉलेज में संगोष्ठी में वक्ताओं के विचार

हिंडौन सिटी। यहां राजकीय महाविद्यालय में युवा विकास योजना तत्वाधान में बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें वक्ताओं ने भारतीय आर्थिक व्यवस्था पर अपने विचार व्यक्त किए।

कार्यक्रम में अतिथि वक्ता आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग करौली के सहायक निदेशक आकाश पाठक ने कहा कि स्वतंत्रता के पश्चात भारत में मिश्रित अर्थव्यवस्था रही। वर्ष 1991 से उदारीकरण की नीति अपनाने से लाइसेंस व्यवस्था एवं अन्य कई रुकावटें समाप्त हो गई। कालांतर में विदेशी पूंजी के आगमन ने विनियोग को बढ़ावा दिया। इससे उद्योग व सेवा क्षेत्र का विकास हुआ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य श्यामलाल मीणा ने कहा कि विश्व की विकासशील अर्थव्यवस्था में भारत की आर्थिक व्यवस्था अपना सम्मानजनक स्थान रखती है। कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र गुप्ता एवं प्रो. रेणु गौड़ ने किया।

Scanned with CamScanner

# युवाओं में कौशल विकास की आवश्यकता पर जोर

**हिंडौन सिटी।** राजकीय पीजी कॉलेज में युवा विकास योजना के तत्वाधान में बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। युवा विकास केन्द्र समिति के नोडल अधिकारी डॉ. सुरेन्द्र गुप्ता ने बताया कि संगोष्ठी में युवाओं में कौशल विकास की आवश्यकता विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर महिला अधिकारिता विभाग करौली के कार्यक्रम अधिकारी रिषीराज सिंहल ने कहा कि युवाओं को प्रतिस्पर्धा के युग में उच्च शिक्षा के साथ-साथ कौशल निर्माण पर भी ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अग्निदेव आर्य ने किया।

## होटल प्रबंधन विषय पर व्याख्यान

**हिंडौन सिटी।** राजकीय महाविद्यालय में युवा विकास योजना के तत्वाधान में होटल प्रबंधन में रोजगार के अवसर विषय पर सोमवार को बौद्धिक कार्यक्रम आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में अतिथि वक्ता रोजगार जिला अधिकारी जगदीश नारायण वर्मा ने कहा कि हॉस्पिटेलिटी में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। अखिल भारतीय स्तर के मैनेजमेंट संस्थान में प्रवेश के लिए कैट के जरिए प्रवेश लिया जा सकता है। राजस्थान में आरमेट के जरिए कोर्स कर होटलों में रोजगार प्राप्त किया जा सकता है।

Scanned with CamScanner

बाइइओ न दिया है।

# राजकीय कॉलेज में बौद्धिक संगोष्ठी

**हिंडौन सिटी**। राजकीय महाविद्यालय में युवा विकास योजना द्वारा भारतीय समाज में महिला की स्थिति पर बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महिला अधिकारिता विभाग करौली के रिषी राज सिंहल थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक काल में भारतीय महिलाओं ने अपनी शिक्षा और सोच के दम पर अपनी नई पहचान दी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अग्निदेव आर्य ने किया। इस अवसर पर प्रो. राधाकिशन मीणा भी उपस्थित थे।

Scanned with CamScanner

महिला प्रकोष्ठ

लैंगिग उत्पीड़न शिकायत निवारण समिति बैठक कार्यवाही विवरण

दिनांक 17/01/22

आज दिनांक 17/01/22 को महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ समिति के अंतर्गत लैंगिग उत्पीड़न शिकायत निवारण हेतु मिटींग का आयोजन किया गया।
प्राचार्य श्री सुरेश चन्द मीना की अध्यक्षता में मिटींग में निम्न सदस्य उपस्थित रहें

1. श्री सुरेश चन्द मीना प्राचार्य [signature]

2. श्रीमती मोली मीना प्रभारी [signature]

3. श्रीमती उपमा मीना सदस्य [signature]

4. बीकेश तॅवर छात्रा बी.एस.सी पार्ट III [signature]

इस बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई

1. सभी सदस्यों ने सर्व सम्मति से महाविद्यालय परिसर में सी०सी० टिवी कैमरे लगवाये जाने की मांग की।

2. महाविद्यालय में छात्राओं के लिए गर्ल्स कॉमन रूम में आवश्यक सुविधाओं को उपलब्ध कराये जाने व साफ-सफाई करवाने का निर्णय लिया गया।
3. महिला अधिकारों पर जागरूकता हेतु विधिक जागरूकता कार्यक्रम करवाने का सुझाव दिया।

[signature]

इस हेतु विशेषज्ञ रिसोर्स पर्सन महाविद्यालय में आमंत्रित करने का सुझाव दिया गया।

4. छात्राओं में वुमैन स्वच्छता एवं स्वास्थ्य हेतु जागरूकता फैलाने के लिए विशेषज्ञ महिला 'स्त्री रोग विशेषज्ञ' को महाविद्यालय में आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया।

5. महिलाओं में आत्मरक्षा कौशल विकसित करने के लिए सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग देने हेतु पुलिस अति उपाधीक्षक (RPS) सम्पर्क कर आत्मरक्षा शिविर आयोजित करवाये जाने का निर्णय लिया गया।

Vikesh

## एनएसएस के विशेष शिविर का हुआ समापन

# राष्ट्र सेवा की भावना को रखें सर्वोपरि




**हिण्डौनसिटी.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एनएसएस शिविर के समापन कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि ।

**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**हिण्डौनसिटी.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि प्राचार्य सुरेश कुमार मीणा ने स्वयं सेवकों से राष्ट्रसेवा की भावना को जीवन में सर्वोपरि रखने की बात कही।

इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय सेवा योजना के दोनों यूनिटों के स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं को राष्ट्र और समाज की सेवा करने की शपथ दिलाई। अतिथियों ने सरस्वती मां के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समापन समारोह की शुरुआत की। इस दौरान स्वयंसेविकाओं ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। साथ ही दोनों यूनिटों के स्वयंसेवकों ने एनएसएस के लक्ष्य गीत का गायन किया। प्राचार्य ने छात्र छात्राओं से समाज सेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास एवं चरित्र निर्माण पर जोर दिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ महेश कुमार गर्ग ने सात दिवसीय शिविर के दौरान हुई गतिविधियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्रमदान, जागरूकता रैली ,विचार गोष्ठी एवं सर्वेक्षण कर स्वयंसेवकों क्षेत्र में समाजसेवा के कार्य किए। कार्यक्रम अधिकारी उपमा मीणा ने सेवा और जागरुकता के कार्यो को दैनिक जीवन शैली में आत्मसात करने की बात कही। इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार गोयल ,डॉ श्रीनिवास गुर्जर , भोली मीणा ,धीरज गोयल, राजकुमारी, सुश्री गुंजन गोयल, सुश्री शालिनी गुप्ता ,राजू सिंह बेनीवाल अभिषेक ने भी विचार व्यक्त किए।

## रैली निकाल दिया यातायात नियमों की पालना का संदेश



**करौली.** रैली में शामिल एनएसएस विद्यार्थी।

**करौली@ पत्रिका.** यहां राजकीय महाविद्यालय में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने मंगलवार को जनजागरूकता एवं सड़क सुरक्षा को लेकर रैली निकाली।

राजकीय महाविद्यालय से शुरू हुई जागरूकता रैली पुरानी कलेक्ट्रेट चौराहा, ट्रक यूनियन, कलेक्ट्रेट चौराहा होते हुए वापस महाविद्यालय पहुंची। इस दौरान छात्र-छात्राएं हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट पहनने, पर्यावरण संरक्षण और पौधारोपण का संदेश देते चल रहे थे। महाविद्यालय के प्राचार्य नत्थू सिंह राजावत ने बताया कि छात्रों को समाज सेवा के लिए प्रेरित करने और सामाजिक कार्यों की जिम्मेदारी का पाठ पढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

रैली के बाद कॉलेज सभागार में मुख्य रिर्सोस पर्सन डॉ. सीताराम खण्डेलवाल ने रक्तदान, एड्स विषय से संबंधित जानकारी दी। स्वयंसेवकों को रक्तदान के लिए प्रेरित किया। प्राचार्य नत्थू सिंह ने विद्यार्थियों को रक्तदान की महत्ता बताई। एनएसएस के जिला समन्वयक रामसिंह मीना, डॉ. मनमोहन मीना, डॉ विनोद शंकर मीना, डॉ. पप्पूराम कोली आदि उपस्थित रहे। मंच संचालन प्रोफेसर विश्राम सिंह मीना ने किया। प्रोफेसर ओपी मीना, ब्रिजेश कुमार मीना ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

(कार्यालय संवाददाता)

### कॉलेज के खेल मैदान से हटाई झाड़ियां

# स्वयंसेवकों को बालश्रम रोकने के कानूनों की दी जानकारी



हिण्डौनसिटी. राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस शिविर के तहत श्रमदान करते स्वयंसेवक।

**हिण्डौनसिटी @ पत्रिका.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के तहत सोमवार को स्त्रयंसेवकों ने श्रमदान कर परिसर की सफाई सफाई की। साथ की बौद्धिक कार्यक्रम छात्र-छात्राओं को बालश्रम को रोकने के लिए प्रेरित किया।

राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों यूनिटों के संयुक्त शिविर में छठवे दिन कार्यक्रम अधिकारी उपमा मीणा के निदेशन में सफाई अभियान चलाया गया। इसमें स्वयंसेवक छात्र-छात्राओं ने समूह बना कर श्रमदान किया। महाविद्यालय के गांधी गार्डन से गंदगी, प्लास्टिक, अवांछित झाड़ी, खरपतबार घास एवं कंकण पत्थरों को एकत्रित कर बाहर निस्तारित किया गया। साथ ही मैदान का समतलीकरण किया गया। इसके बाद द्वितीय सत्र में प्राचार्य सुरेश चंद मीणा की अध्यक्षता में 'बाल श्रम एक अपराध' विषय पर व्याख्यान आयोजित हुआ। जिसमें कार्यक्रम अधिकारी डॉ.मुकेश कुमार गर्ग ने बाल श्रम कराने पर दण्ड, रोकथाम के लिए कानून आदि की जानकारी दी।

साथ ही स्वयंसेवकों को इकोसिस्टम पर्यावरण विषय पर भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार गोयल, डॉ. रितेश जैन ,डॉ श्रीनिवास गुर्जर ,धीरज गोयल , राजकुमारी ,सुश्री गुंजन गोयल, सुश्री शालिनी गुप्ता ,राजू सिंह बेनीवाल ,अभिषेक आदि मौजूद रहे।

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, मंगलवार, 28 मार्च, 2023 | 17

# राजकीय कॉलेज परिसर में स्वयं सेवकों ने चलाया स्वच्छता अभियान



**हिंडौनसिटी|** राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस की संयुक्त इकाइयों के तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत छठवें दिन स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया।कार्यक्रम अधिकारी उपमा मीणा ने बताया कि एनएसएस की प्रत्येक यूनिट को समूह में विभाजित किया गया तथा महाविद्यालय में गांधी गार्डन में फैली हुई गंदगी, प्लास्टिक, अवांछित झाड़ी,म एवं घास एवं कंकर पत्थरों को एकत्रित कर समतलीकरण का कार्य किया गया।इसके बाद बाल श्रम एक अपराध विषय पर व्याख्यान हुआ। जिसमें बताया गया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों से मजदूरी करवाना उनका शोषण करना कानूनन अपराध है। साथ ही स्वयंसेवकों को इकोसिस्टम पर्यावरण विषय पर भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ महेश कुमार गर्ग के द्वारा किया गया। इस अवसर पर कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य मुकेश कुमार गोयल, डॉक्टर रितेश जैन ,डॉ श्रीनिवास गुर्जर ,धीरज गोयल , राजकुमारी, गुंजन गोयल, शालिनी गुप्ता ,राजू सिंह बेनीवाल ,अभिषेक तथा महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

करौली-हिण्डौन पत्रिका

11 राजस्थान पत्रिका patrika.
करौली, सोमवार, 27 मार्च, 2023

स्वयंसेवकों ने बस्ती में घर-घर किया सर्वे

# रैली निकाल नशा मुक्ति का दिया संदेश

हिण्डौनसिटी @ पत्रिका. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मे चल रहे राष्ट्रीय सेवा योलना के विशेष शिविर में रविवार को जागरुकता के कार्यक्रम आयोजित हुए। एनएसएस की दोनों यूनिटों के स्वयंसेवकों ने संयुक्त रूप से रैली निकाल कर लोगों को नशा मुक्ति के प्रति जागरुक किया।

साथ ही खुद नशा मुक्त रहे दूसरों को भी नशा नहीं करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। प्राचार्य सुरेश चंद मीणा ने बताया कि जागरुता रैली को महाविद्यालय प्रांगण से एनएसएस की कार्यक्रम प्रभारी उपमा मीणा ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। रैली महाविद्यालय से निकल गोद ली हुई बस्ती इस्लामपुरा पहुंची। जहां स्वयंसेवकों ने लोगों नशे के शारीरिक व सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में बताया। इस दौरान छात्रों ने घर घर पहुंच शिक्षा और स्वास्थ्य को लेकर सर्वे भी किया। साथ ही बस्ती में श्रमदान का साफ सफाई कार्य भी किया। इससे पूर्व पहले सत्र में सुबह महाविद्यालय परिसर में 'परीक्षा के दौरान तनाव प्रबंधन की भूमिका' विषय पर बौद्धिक कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ.महेश कुमार गर्ग ने छात्र-छात्राओं को तनाव मुक्त रहते हुए परीक्षा की तैयारी करने के गुर बताए। साथ ही कम अवध में पाठ्क्रम के दोपहरान के समय प्रबंधन करने की जानकारी दी। इस अवसर पर अभिषेक ठाकुर, राजू सिंह बेनीवाल आदि मौजूद रहे।



हिण्डौनसिटी. राजकीय महाविद्यालय में जागरुकता रैली को रवाना करती कार्यक्रम प्रभारी।

## पुस्तकें पढ़ें, समय का करें प्रबंधन

करौली. स्थानीय राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में सफाई अभियान चलाया। एनएसएस की प्रत्येक यूनिट को समूह में विभाजित किया गया। इसके बाद कॉलेज सभागार में स्वयंसेवकों की जागरूकता सभा हुई, जिसकी अध्यक्षता भूगोल विभाग के सहायक आचार्य मनमोहन मीना रहे। उन्होंने राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि पूर्व पुस्तकालयाध्यक्ष कैलाशचन्द शर्मा ने विद्यार्थियों को पुस्तकालय का अधिकाधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य वक्ता मण्डरायल कॉलेज के एएओ लक्ष्मीकांत मीना ने स्वयंसेवकों को समय प्रबंधन, इको सिस्टम, पर्यावरण विषय से जागरूक किया। इस मौके पर प्रवेश गौड़, रूपदास बैरवा ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन प्रो. विश्राम सिंह मीना ने किया। प्रोफेसर बिजेश कुमार मीना ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर स्वयंसेवक-स्वयंसेविकाएं व संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## विद्युत समस्या समाधान शिविर आज

मंडरायल. बकाया विद्युत बिल सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए सोमवार को औंड गांव में शिविर आयोजित होगा। सहायक अभियंता एमके पिंगोलिया ने बताया कि सुबह 11 बजे से शिविर आयोजित होगा।

राजस्थान पत्रिका
करौली, रविवार, 26 मार्च, 2023

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर

# डॉक्टरों ने स्वयंसेवकों को सिखाए जीवन रक्षक गुर

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



हिण्डौनसिटी.राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस शिविर में मौजूद विद्यार्थी।

**हिण्डौनसिटी.** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लग रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर में शनिवार को मेडिकल हेल्प और जीवन रक्षा के बारे में बताया। कार्यक्रम के चिकित्सकों ने मॉडल प्रदर्शन व वीडियो फिल्म के माध्यम से एनएसएस के स्वयं सेवकों के प्राथमिक चिकित्सा करने की जानकारी दी। प्राचार्य सुरेश चंद मीणा ने बताया कि महाविद्यालय की एनएसएस की दोनों यूनिटों के संयुक्त कार्यक्रम में प्रथम सत्र में डॉ. सुरेश गर्ग ने पानी में डूबने ब अन्य कारणों के बेहोश हुए व्यक्ति को कृत्रित सांस (सीपीआर) देने के तरीकों के वीडियो व प्रत्यक्ष प्रदर्शन कर बताया। साथ ही प्लास्टिक के उपयोग को व्यक्ति और प्रकृति को हो रहे नुकसान के बारे में बताया। द्वितीय सत्र में जिला चिकित्सालय के फिजीशियन डॉ आशीष कुमार शर्मा ने स्वयंसेवकों से खान-पान पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने भोजन में केवल गेहू की बजाय गेहूं जौ चने का मिक्स आटे के उपयोग की सलाह दी। साथ ही प्रति दिन 40 से 50 मिनट व्यायाम जरुरी बताया। इस दौरान कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य श्री मुकेश कुमार गोयल, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ महेश कुमार गर्ग, उपमा मीना, गुंजन गोयल, धीरज कुमार गुप्ता, शालिनी गुप्ता ,भोली मीणा, राजू बेनीवाल आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक आचार्य डॉ. श्रीनिवास गुर्जर ने किया।

**करौली.** राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वाधान में चल रहे सात दिवसीय शिविर के तहत गोद ली गई बस्ती शिकारगंज में सर्वे कार्य किया गया। प्राचार्य नत्थूसिंह राजावत ने बतायाकि स्वयंसेवकों ने समूह व एकल तरीके से घर- घर जाकर 60 परिवारों का सर्वे किया। उन्होंने परिवार के मुखिया से जनाधार से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त कर 15 से 29 वर्ष के बेरोजगार युवाओं के आंकडे प्राप्त किए। इसके बाद रामकिशन आदर्श माध्यमिक विद्यालय में जनजागरूकता गोष्ठी हुई। जिसमें प्राचार्य ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के चरित्र का उदाहरण देकर स्वयंसेवको को समाजसेवा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मुख्य अतिथि रूपसिंह माली ने राज्य सरकार की फ्लैगशिप स्कीम व आंगनबाड़ी से सम्बन्धित योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान जिला समन्वयक रामसिंह मीना, डॉ. बीएल बैरवा, कार्यक्रम अधिकारी विश्राम सिंह मीना व ओपी मीना ने आभार व्यक्त किया।

जिसमें अधिवेशन के उदघाटनकर्ता पद्मश्री श्याम सुंदर

लव सोलंकी, इकाई कार्य कर्ता महावीर सिंह आदि शामिल रहे

## कॉलेज में एनएसएस के स्वयंसेवकों ने किया श्रमदान

**हिंडौन सिटी**| राजकीय महाविद्यालय में रविवार को एनएसएस की ईकाईयों के स्वयंसेवकों ने स्वच्छता का अभियान चलाते हुए कॉलेज परिसर में श्रमदान किया।

प्राचार्य सुरेशचंद्र मीना, कार्यक्रम अधिकारी महेश गर्ग व उपमा मीना ने बताया कि स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर के गार्डन में पड़े हुये अनुपयोगी प्लास्टिक एवं गंदगी की साफ-सफाई की गई। उद्यान में हुये खरपतवार की कटाई की गई एवं उन्हें एकत्रित कर नष्ट किया गया। इसके साथ ही गड्ढे को को भरकर समतलीकरण का कार्य किया गया। खेल प्रेमी गोपाल सिंह बेनीवाल ने विद्यार्थियों को शहरी ओलिंपिक के बारे में विस्तार से बताया।

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, सोमवार, 12 दिसंबर, 2022 | 16

## मुख्य वक्ता मीणा ने मानवाधिकार दिवस के महत्व व मौलिक अधिकारों के बारे में बताया

# महाविद्यालयों में अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया

**करौली** शहर के राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना व राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य नत्थू सिंह राजावत ने विद्यार्थियों को जियो और जीने दो का संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता रामावतार मीणा ने अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस के इतिहास व महत्व के बारे में चर्चा करते हुए मानव के मौलिक अधिकारों के बारे में बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व राजनीति विज्ञान विभाग के प्रमुख डॉ.पप्पू लाल कोली ने मानवाधिकार दिवस के बारे में बताया। इस अवसर पर अंकित मीणा,दिलखुश कुमार मीणा,गोरे लाल मीणा, ब्रिजेश कुमार मीणा, डॉ.ओमप्रकाश मीणा,डॉ. मिथलेश गुप्ता, मनमोहन सिंह व देवी सहाय प्रजापत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का मंच संचालन विश्राम सिंह मीणा ने किया।



करौली। शहर के राजकीय महाविद्यालय में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस मनाया।

हिंडौन सिटी ग्रामीण। राजकीय महाविद्यालय हिंडौन सिटी में राष्ट्रीय सेवा योजना व मानवाधिकार क्लब के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.महेश कुमार गर्ग ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र सार्वभौमिक घोषणा पत्र की स्मृति में प्रत्येक वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दिवस का आयोजन किया जाता है। डॉ.रीतेश जैन सहायक आचार्य राज. विज्ञान ने बताया कि किसी राष्ट्र व समाज के कल्याण और विकास के लिए प्रत्येक व्यक्ति की गरिमा की रक्षा के लिए मानव अधिकारों का होना आवश्यक है। मानव अधिकारों के अर्थ व मूल अधिकारों में अन्तर के बारे में भी जानकारी दी। श्रीनिवास गुर्जर सहायक आचार्य रसायनशास्त्र ने भारत में मानव अधिकारों की स्थिति व संरचनात्मक स्थिति के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेश चन्द मीना ने अपने उद्बोधन में सभी छात्र-छात्राओं को अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस पर शुभकामना देते हुए सभी को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के लिए कहा। इस अवसर पर ई.एल.सी. प्रभारी श्रीनिवास गुर्जर ने सभी विद्यार्थियों के माध्यम से वोटर आई.डी.कार्ड के लिए पंजीकरण कराने की जानकारी प्रदान कर विद्यार्थियों के रजिस्ट्रेशन भी करवाए।

करौली-हिंडौन भास्कर

जयपुर, सोमवार, 21 नवंबर, 2022 | 16

अभियान के अंतर्गत ... शेरपुर से गौरव सोनी, टीकम सोनी, संध्या देवी, सुरेखादेबी, ... अधिकार के सुरक्षा सरक्षा करना है।

## एनएसएस की संयुक्त इकाइयों ने सफाई अभियान चलाया



**हिंडौन सिटी ग्रामीण|** करौली मार्ग स्थित राजकीय महाविद्यालय में एनएसएस की संयुक्त इकाइयों ए और बी के तत्वाधान में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की एनएसएस इकाई ए और बी दोनों के स्वंय सेवकों ने श्रमदान किया। महाविद्यालय परिसर में पड़े हुए अनुपयोगी प्लास्टिक व गंदगी की साफ-सफाई की। गांधी उद्यान में उगे हुए खरपतवार की कटाई करने के साथ उन्हें एकत्रित कर नष्ट किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों की ओर पेड़-पौधों में पानी डालकर सिंचाई का कार्य किया गया। प्राचार्य सुरेश चन्द मीना ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि परिश्रम ही सफलता की कुंजी है। साथ ही स्थानीय महाविद्यालय के नियमित व स्वयंपाठी छात्र-छात्राओं को प्रभारी श्रीनिवास गुर्जर ने वोटर पोर्टल, वोटर हेल्प-लाइन एप के माध्यम से वोटर आईडी कार्ड बनाने का प्रशिक्षण दिया। विद्यार्थियों से सोमवार को अपना आधार कार्ड व परिवार के किसी सदस्य का वोटर आईडी कार्ड लाने के निर्देश दिए। महेश गर्ग व उपमा मीणा की टीम ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया।

अच्छी पहल: • राजकीय पीजी कॉलेज में कैंटीन नहीं होने से 1500 स्टूडेंट को हो रही थी परेशानी

# इंदिरा रसोई के काउंटर से विद्यार्थियों को मिलेगा 8 रु. में भोजन

भास्कर संवाददाता | हिंडौन सिटी/(ग्रामीण)

करौली मार्ग स्थित राजकीय पीजी कॉलेज में कैंटीन नहीं होने से खानपान के लिए परेशान होने वाले 1500 स्टूडेंट के लिए राहत की खबर है। कॉलेज प्रिंसिपल की मांग पर नगर परिषद की ओर से कॉलेज में इंदिरा रसोई के तहत काउंटर शुरू किया गया है। इस काउंटर पर छात्र-छात्राओं को स्वादिष्ट भोजन का पैकिट मात्र 8 रुपए में मिल सकेगा। इस सुविधा का लाभ प्रतिदिन सुबह 8:30 बजे से दोपहर 2 बजे तक उठाया जा सकेगा। इंदिरा रसोई का काउंटर खुलने से छात्र-छात्राओं को राहत मिलेगी। क्योंकि पढ़ाई का समय 10 से 5 ... का है और 1500 में से 1200 स्टूडेंट गांवों से पढ़ाई के लिए आते हैं। इनमें से समय का अभाव होने के कारण कई लोग अपना टिफिन नहीं ला पाते और कई लोग सुबह भी भोजन नहीं कर पाते थे,लेकिन अब कॉलेज में इन्हें भोजन की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। कॉलेज प्रिंसिपल सुरेशचंद मीना ने बताया कि राजकीय पीजी कॉलेज में कला, वाणिज्य व विज्ञान संकाय सहित करीब 1200 स्टूडेंट तथा कॉलेज परिसर के कमरों में ही संचालित राजकीय कन्या कॉलेज में 200 छात्राएं कुल मिलाकर 1500 स्टूडेंट अध्ययनरत हैं। कॉलेज में कैंटीन की सुविधा नहीं है और कैंटीन के लिए टेंडर निकाला हुआ है। कैंटीन खुलने के बाद भी केवल चाय व नाश्ता ही मिल सकता है। 80 प्रतिशत स्टूडेंट गांवों से पढ़ाई के लिए आते हैं और उन्हें कैंटीन नहीं होने से खानपान की सुविधा नहीं मिल पा रही थी। काउंटर की शुरुआत आयुक्त कीर्ति कुमावत की मौजूदगी में की गई। इस मौके पर योजना प्रभारी सत्येन्द्र पाराशर, मुकेश कुमार गोयल, डॉ महेश गर्ग, डॉ रितेश जैन, भोली मीना, राजकुमारी, गुंजन गोयल आदि मौजूद रहे।



हिंडौन सिटी। इंदिरा रसोई के काउंटर के शुभारंभ पर आयुक्त व कॉलेज के प्रोफेसर।

### हिंडौन शहर में संचालित हो रही हैं 9 इंदिरा रसोई

नगर परिषद के इंदिरा रसोई योजना प्रभारी सत्येन्द्र पाराशर ने बताया कि हिंडौन शहर में 9 इंदिरा रसोई संचालित हो रही हैं। शुरुआत में तीन इंदिरा रसोई संचालित हो रही थी, लेकिन गत दिनों 6 स्थानों मिस्त्री मार्केट, गुलशन कॉलोनी, जाटव बस्ती, नई मंडी क्षेत्र, अनाज मंडी, मंडावरा रोड पर भी इंदिरा रसोई का संचालन शुरू किया गया था। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का उद्देश्य है कि गरीब और जरूरतमंद लोगों को स्वच्छ और पौष्टिक भोजन मिल सके और कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोएगा।

## प्रेस समाचार

दिनांक :- 14-11-22

### बेटियों का पैतृक संपत्ति पर अधिकार

राजकीय महाविद्यालय, हिण्डौन सिटी में राजस्थान उड़ान योजना के महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार की महिला नीति 2021 के तत्वाधान मे बेटियों का पैतृक संपत्ति पर कानूनी अधिकार विषय पर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती भोली मीना ने बताया कि सरकार ने पैतृक संपत्ति पर अधिकार मे 2005 मे परिवर्तित करते हुये एक नया संशोधन लागू किया गया इसके तहत अब सभी बेटियो विवाहित अथवा अविवाहित को पैतृक संपत्ति मे बेटों के समान अधिकार प्राप्त होगा अभी तक पिता की संपत्ति मे केवल पुत्रों को ही हिस्सा मिलता था। इसके पश्चात डॉ० सीतेश जैन एवं श्री श्रीनिवास गुर्जर ने अपने वक्तव्य से छात्राओं को जागरूक एवं लाभान्वित किया। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती उषा मीना ने छात्राओं को अपने कानूनी अधिकारों के प्रति सजग एवं जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम मे सभी स्टाफ सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इसके पश्चात प्राचार्य श्री सुरेश चंद मीना ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम मे श्री मुकेश कुमार गोयल, डॉ. महेश कुमार गर्ग, श्रीमती राजकुमारी, अभिषेक ठाकुर, प्रीति सिंह, समीक्षा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

(हस्ताक्षर)
प्राचार्य
रा० महाविद्यालय
(हिण्डौन सिटी)

प्रेस समाचार    दिनांक :- 15-11-22

## स्वच्छता और पोषण पर विचार गोष्ठी

स्थानीय महाविद्यालय में राजस्थान उड़ान योजना के महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार की महिला नीति योजना के तहत स्वच्छता और पोषण विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य श्री सुरेश चन्द मीना के द्वारा की गई उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि एक स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है इसलिए सभी को अपने दैनिक जीवन में संतुलित आहार का प्रयोग करना चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ. रितेश जैन ने स्वच्छता के महत्व के बारे में छात्र-छात्राओं को समझाया। इस अवसर मुकेश कुमार गोयल, डॉ. महेश कुमार गर्ग, श्रीमती भोली मीना, श्री श्रीनिवास गुर्जर, सहदेव सिंह चौधरी, उपमा मीना आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की समाप्ति के पश्चात महाविद्यालय की छात्राओं को सैनेटरी नेपकिन्स वितरित किये गये।

प्राचार्य
रा. महाविद्यालय
(हिण्डौन)

Scanned with CamScanner

प्रेस समाचार

दिनांक 16-11-22

## महाविद्यालय में दहेज प्रथा पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन

राजकीय महाविद्यालय मे राजस्थान उड़ान योजना के महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार की महिला नीति योजना 2021 के तहत दहेज प्रथा 1961 अधिनियम पर विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम मे सभी स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी उपमा मीना ने दहेज रूपी कुप्रथा जो कि एक सामाजिक बुराई है को रोकने के लिए 1961 मे दहेज निषेध प्रथा कानून बनाया गया जिसके बाद दहेज लेना अथवा देना दोनो ही कानूनी अपराध माना गया है। मुख्य वक्ता डॉ॰ रितेश जैन एवं डॉ॰ महेश कुमार गर्ग ने इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के अंत मे प्राचार्य श्री सुरेशचन्द मीना ने सभी स्टाफ साथियों एवं विद्यार्थियों को दहेज नही लेने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर श्री मुकेश कुमार गोयल, श्रीमती भोली मीना, श्री श्रीनिवास गुर्जर, श्रीमती राजकुमारी, अभिषेक डागुर, प्रीति सिंह, समीक्षा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
(हिण्डौन सिटी)

Scanned with CamScanner

## प्रेस समाचार

दिनांक 17-11-22

### कन्या-भ्रूण हत्या पर संगोष्ठी

राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन सिटी मे राजस्थान उडान योजना के महिला एवं बाल विकास विभाग, राजस्थान सरकार की महिला नीति योजना के तहत विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्राचार्य श्री सुरेशचन्द मीना के द्वारा की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. महेश कुमार गर्ग रहे। इस मौके पर डॉ. महेश ने पीसी-पीएनडीटी अधिनियम के बारे मे विद्यार्थियो को विस्तार से समझाया कि इस अधिनियम का उद्देश्य कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लगाना था। इस मौके पर डॉ. रीतेश जैन ने अपने उद्बोधन मे बताया कि देश मे घटते लिंगानुपात को देखते हुये इस अधिनियम का गठन हुआ। इस अवसर पर डॉ. मुकेश गोयल, श्रीमती भोली मीना, श्री श्रीनिवास गुर्जर, श्रीमती राजकुमारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती उषा मीना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

(हस्ताक्षर)
प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
(हिण्डौन सिटी)

Scanned with CamScanner

## प्रेस समाचार

दिनांक 18-11-22

### योग और तनाव प्रबंधन पर कार्यक्रम का आयोजन

राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन सिटी मे राजस्थान सरकार की महिला नीति योजना के अन्तर्गत योग और तनाव प्रबंधन पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सभी छात्र-छात्राओ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री सुरेश चंद मीना ने की उन्होंने बताया कि आज के समय मे तनाव लोगो के लिए सबसे बड़ी समस्या है और इस तनाव को को दूर करने के लिए योग का सहारा लेना चाहिए। इस अवसर पर डॉ. सीतेश जैन और सहदेव सिंह चौधरी ने विद्यार्थियो को प्रणायाम, अनुलोम अनुविलोम, ताड़ासन आदि योगाभ्यास भी कराया। इस अवसर पर डॉ. महेश कुमार गर्ग, मुकेश गोयल, श्रीश्रीनिवास गुर्जर श्रीमती भोली मीना, आशीषेक आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम प्रभारी श्रीमती उपमा मीना ने सभी का आभार व्यक्त किया।

प्राचार्य

राज. महाविद्यालय

(हिण्डौन)

Scanned with CamScanner

राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन सिटी

महिला उत्पीड़न व निवारण समिति

बैठक विवरण

आज दिनांक 10/01/2022 को प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में महिला उत्पीडन व निवारण समिति की बैठक पर आयोजन किया गया। जिसमें निम्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा की गई –

1. नवप्रवेशित छात्राओं को महिला सेल व उसकी कार्य प्रणाली के बारें में जानकारी दी जाए।

2. महिलाओं को वित्तीय जागरूकता, महिला अधिकारिता कानून, व्यवसायिक पाठ्यक्रम, महिलाओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण, महिला स्वास्थ्य पर संगोष्ठी का आयोजन किया जाए।

3. समिति ने महिला शिकायतों और यौन उत्पीड़न पर यू०जी०सी० के दिशानिर्देशों की पालना करने की पुष्टि की ~~तथा~~ प्राचार्य द्वारा कॉलेज ~~कि~~ में छात्राओं के लिए यौन उत्पीड़न व निवारण संबंधि कानून व नितियों से अवगत कराने के निर्देश दिए गए।

4. महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों में समिति के ~~पास~~ कोई शिकायत दर्ज नहीं हुई। इसलिए इसका निवारण शून्य है।

इस बैठक के दौरान निम्न सदस्य उपस्थित रहे।

1. प्राचार्य श्री सुरेश चन्द मीना — सुरेश चंद मीना
2. श्रीमती भोली मीना (संयोजक)
3. श्रीमती उपमा मीना (सदस्य)
4. श्रीमती राजकुमारी (सदस्य)
5. गुंजन गोयल (सदस्य)

Scanned with CamScanner

## कार्यालय प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हिण्डौनसिटी

क्रमांक

दिनांक 18.02.2022

सादर प्रकाशनार्थ
स्थानीय संपादक

..........................................

### प्रेस समाचार

राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन सिटी में अमृत महोत्सव पखवाडें के तहत चल रहे क्रार्यक्रम में दिनांक 18/02/2022 शुक्रवार को रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सुरेश चन्द मीना ने की और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुश्री भोली मीणा ने बताया कि रंगोली प्रतियोगिता में 15 छात्राओ ने भाग लिया जिनमें प्रथम स्थान अभिलाषा मीना खुशी दत्तात्रेय कशिश ~~मीना~~ सागर के ग्रुप ने व द्वितीय स्थान पर मोनीका जॉगिड , विशाखा , वीनेश जाटव के ग्रुप ने एवं तृतीय स्थान राधा जाटव , मनीषा सैनी , पुष्पा जाटव के ग्रुप ने प्राप्त किया ।

निर्णायक मंडल में श्री रामराज मीना, डॉ अनिल अग्रवाल, श्री सहदेव चौधरी , उपमा मीना मनीष गुप्ता श्री श्रीनिवास गुर्जर ,डॉ प्रीती सिंह, समीक्षा अग्रवाल, सुरेश कुमार मीना, अभिषेक कुमावत आदि उपस्थित रहें।

साथ ही महाविद्यालय की धुम्रपान निषेध समिति के तत्वाधन में नशामुक्ति विषय पर विचार गोष्ठी का भी आयोजन किया गया गोष्ठी के मुख्य वक्ता डा. अनिल अग्रवाल ने बीडी ,सिगरेट,गांजा,स्मैक आदि के दुष्प्रभावों से अवगत कराया । श्री श्रीनिवास गुर्जर ने छात्रों को सजग रहने एवं समाज में जागरुकता लाने के लिए प्रेरित किया । अन्त में समिति के संयोजक श्री रामराज मीना ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

(सुरेश चन्द मीना)
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविधालय
हिण्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य,राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,हिण्डौनसिटी

क्रमांक

दिनांक 17/2/22

सादर प्रकाशनार्थ

स्थानीय संपादक

पत्रिका/भास्कर

## प्रेस समाचार

राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन सिटी में अमृत महोत्सव पखवाडें के तहत चल रहे क्रार्यक्रम में दिनांक 17/02/2022 गुरुवार को पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सुरेश चन्द मीना ने की और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुश्री भोली मीणा ने बताया कि पोस्टर प्रतियोगिताओं में 11 छात्र/ छात्राओ ने भाग लिया जिनमें छात्रा वर्ग मे प्रथम स्थान संगीता जाटव बी.ए. पार्ट द्वितीय, द्वितीय स्थान पर रवीता , मनीषा एवं विशाखा तृतीय एवं तृतीय स्थान प्रिया शर्मा ने प्राप्त किया। छात्र वर्ग में प्रथम स्थान लाखन सिंह प्रजापत प्रथम वर्ष द्वितीय स्थान मनोज गुर्जर द्वितीय वर्ष तृतीय स्थान आमीर खान बी.ए.पार्ट तृतीय रहें।

निर्णायक मंडल में श्री रामराज मीना, श्री सर्वेजीत मीना, श्री सहदेव चौधरी , डॉ रीतेश जैन,डॉ प्रीती सिंह, समीक्षा अग्रवाल, सुरेश कुमार मीना, अभिषेक कुमावत आदि उपस्थित रहें।

(सुरेश चन्द मीना)
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविधालय
हिण्डौन सिटी

Scanned with CamScanner

# कार्यालय प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, हिण्डौनसिटी

क्रमांक

दिनांक 16/2/22

सादर प्रकाशनार्थ
स्थानीय संपादक

.............................................

## प्रेस समाचार

राजकीय महाविद्यालय हिण्डौन सिटी में अमृत महोत्सव पखवाडा के तहत महिला प्रकोष्ठ के तत्वाधान में दिनांक 16/02/2022 बुधवार को मेंहदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सुरेश चन्द मीना ने की और महिला प्रकोष्ठ प्रभारी सुश्री भोली मीणा ने बताया कि मेंहदी प्रतियोगिताओं में 15 छात्राओ ने भाग लिया जिनमें प्रथम स्थान संगीता जाटव बी.ए. पार्ट द्वितीय, द्वितीय स्थान पर मोनिका जांगिड बी.एस.सी. पार्ट तृतीय एवं तृतीय स्थान विशाखा जांगिड बी.ए. पार्ट द्वितीय ने प्राप्त किया।

निर्णायक मंडल में श्री रामराज मीना, श्री सर्वेजीत मीना, श्री सहदेव चौधरी ,डॉ प्रीती सिंह, समीक्षा अग्रवाल आदि उपस्थित रहें।

(सुरेश चन्द मीना)
प्राचार्य
राजकीय स्नातकोत्तर महाविधालय
हिण्डौन सिटी

Scanned with CamScanner